हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


12 मोदी ने पर्यावरण, प्रकृतिक खेती और ...





10 दुधावा में श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई गई संत कबीर...





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर आज होगा भगवान जगन्नाथ का दिव्य स्नान, तैयारी हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जगन्नाथ मंदिर में मनाया जाने वाला स्नान पूर्णिमा उत्सव सनातन परंपरा का अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व है। इस वर्ष यह दिव्य पर्व 2026 में 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा का पवित्र जल से महाअभिषेक किया जाता है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु मंदिरों में एकत्रित होते हैं।

कांकेर के राजापारा में स्थित भगवान जगन्नाथ की भक्ति और सनातन परंपरा का प्रमुख उत्सव स्नान पूर्णिमाइस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ, उनके अग्रज बलभद्र और भगिनी सुभद्रा का पवित्र जल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य महाअभिषेक किया जाएगा। यह आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और आस्था का अनुपम अनुभव प्रदान करता है।

मान्यता है कि स्नान पूर्णिमा के दिन भगवान को सार्वजनिक रूप से स्नान कराया जाता है, जिसके बाद वे कुछ दिनों के लिए "अनवसर" यानी बीमारी अवस्था में चले जाते हैं। इस दौरान भगवान को विश्राम कराया जाता है और विशेष औषधीय उपचार एवं भोग अर्पित किए जाते हैं। इसके बाद वे पुनः नवयौवन रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं और विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के लिए तैयार होते हैं।

## आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा

### चंदन और पुष्प से मिश्रित

*मंदिर परिसर में होने वाले इस दिव्य अनुष्ठान में जल में चंदन, सुगंधित पुष्प, तुलसी और पवित्र तीर्थों का जल मिलाकर भगवान का स्नान कराया जाता है। इस दौरान शंख, घंटा और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। श्रद्धालु इस दिव्य दृश्य के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मानते हैं और भगवान से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं शांति की कामना करते हैं। स्नान पूर्णिमा का यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक है, जो सदियों से चली आ रही परंपरा को जीवंत बनाए रखता है।*



### श्रद्धालु दिव्य उर्जा का करते हैं अनुभव

जगन्नाथ मंदिर के पुजारी हरीश ने बताया कि स्नान पूर्णिमा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। यह पर्व समाज को यह संदेश देता है कि ईश्वर भी अपनी लीलाओं के माध्यम से भक्तों से जुड़कर मानवता को प्रेम, समानता और भक्ति का मार्ग दिखाते हैं। राजापारा मंदिर में 12 बजे से पूजा पाठ प्रारंभ हो जाएगा और लगभग 3 बजे स्नान शुरू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवक के कब्जे से आठ लीटर कच्ची शराब जब्त



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 27 जून को छापामार कार्यवाही करते हुए पीव्ही 80 सुजीत राय पिता नटवर के काब्जे अवैध महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी मछली मार्केट पखांजुर के पास अपने कब्जे में 8 लीटर देशी महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था व ग्राहक की तलाश में था। मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही किया गया और आरोपी के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत एक हजार एक सौ बीस रूपएं को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोकानपुर में बच्चों को दी पोलियो की खुराक



**कोरर।** ग्राम पंचायत कोकानपुर में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक गुप्ता के निर्देशानुसार सरपंच कलिराम उइके एवं ग्राम पटेल माखन सिंह मंडावी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) की खुराक दी गई। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उत्तम साहू ने बताया कि दूसरे और तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को भी दवा पिलाएगी। इस अवसर पर उपसरपंच योगिता राजपूत, पारसमणी जैन, पंच खिलेश्वरी नेताम, पदमा जैन, पुष्कर सिन्हा, उदयभान तिवारी, टाकेश यादव सहित ग्रामीण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत उदनपुर के पास सड़क दुर्घटना में जामड़ी निवासी 25 वर्षीय फागुराम उसेंडी पिता जंगलूराम का मौत हो गया। मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि बताया कि मृतक का 26 जून को एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## निष्क्रिय लोगों के नाम प्रस्तावित होने की चर्चाओं से संगठन में बढ़ी सकती है नाराजगी

# एल्डरमेन घोषणा पूर्व सियासी टेम्प्रेचर हाई, गोंटीबाजी और दावों की चर्चा तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रदेश के अधिकांश संभागों में नगरीय निकायों के लिए एल्डरमैन की घोषणा हो चुकी है, लेकिन बस्तर संभाग अब भी इस सूची से बाहर है।

- चारामा-पखांजूर उपचुनाव की हार के बाद प्रदेश संगठन को गंभीरता से करना होगा चिंतन

इसी बीच कांकेर नपा के लिए प्रदेश मुख्यालय को जिले से एल्डरमैन के लिए भेजे गए नामों को लेकर संगठन के भीतर असंतोष की चर्चा अब चौक-चौराहो में हो रही है। यह भी चर्चा है कि सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर निष्क्रिय लोगों के नाम प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे वर्षों से संगठन के लिए काम करने वालो में नाराजगी बढ़ रही है। उनका मानना है कि यदि यही स्थिति रही तो इसका असर आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है।

कांकेर जिले में एल्डरमैन के लिए जिले से प्रदेश के लिए भेजे गए नामों को लेकर चर्चाओं की राजनीति गरमाई हुई। चौक-चौरहों में चर्चा है कि सूची में ऐसे लोगों के नाम शामिल कर दिए गए हैं, जो लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय नहीं रहे हैं, जबकि वर्षों से पार्टी के लिए मेहनत करने वाले कई समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई है। यह आशंका जताई जा रही है कि यदि यही सूची अंतिम रूप से घोषित होती है तो सक्रिय कार्यकर्ताओं की नाराजगी और बढ़ सकती है। कई पदाधिकारियों का मानना है कि इससे पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच दूरी बढ़ने की संभावना है, जिसका सीधा असर भविष्य के चुनावों में दिखाई दे सकता है। फिलहाल बस्तर संभाग के नगरीय निकायों के लिए एल्डरमैन की आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि अंतिम सूची में किन नामों को स्थान मिलता है और क्या संगठन के भीतर उठ रहे असंतोष को दूर करने के लिए प्रदेश नेतृत्व कोई पहल करेगा।




### राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है

संगठन के भीतर नाराज गुट में यह चर्चा भी है कि यदि सक्रिय कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा होती रही तो आने वाले दो वर्षों में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को इसका राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। संगठन की वास्तविक ताकत जमीनी स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ता ही होते हैं और यदि उन्हें सम्मान एवं अवसर नहीं मिलेगा तो इसका असर चुनावी परिणामों पर पड़ना स्वाभाविक होगा।

### प्रदेश संगठन ने नहीं दिखाई गंभीरता

राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि संगठन के भीतर लंबे समय से एक-दूसरे को किनारे लगाने की राजनीति चल रही है। उनका दावा है कि व्यक्तिगत पसंद और गुटबाजी के आधार पर नामों का चयन किया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित हो रहा है। चारामा और पखांजुर नगर निकायों के पार्षद उपचुनाव में भाजपा को मिली हार भी संगठन के भीतर बढ़ती असंतुष्टि का परिणाम थी। उनका दावा है कि उस समय कार्यकर्ताओं ने उपचुनाव के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व को संदेश देने का प्रयास किया था कि कांकेर संगठन में व्याप्त अंदरूनी खींचतान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, यह भी चर्चा है कि प्रदेश संगठन ने इस संकेत को गंभीरता से नहीं लिया।

## प्रधानमंत्री आवास ढलाई तक पहुंचा पर दूसरी किस्त अटकी, हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीब परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने की मंशा उस समय सवालों के घेरे में आ जाती है, जब हितग्राही निर्माण कार्य को ढलाई स्तर तक पहुंचाने के बाद भी दूसरी किश्त के इंतजार में भटकने को मजबूर हो जाए। विकासखंड दुर्गूकोदल के ग्राम चाहचाड़ निवासी हितग्राही हीरूराम सलाम का मामला भी कुछ ऐसा ही है। उनका आरोप है कि मकान निर्माण शुरू नहीं करने पर राशन बंद कर दबाव बनाया गया, लेकिन अब निर्माण कार्य आगे बढ़ाने के बावजूद दूसरी किश्त जारी नहीं की जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान के लिए पहली किश्त मिलने के बाद हीरूराम सलाम ने अपनी जमा-पूंजी और उधार लेकर निर्माण कार्य शुरू किया। उन्होंने मकान को ढलाई स्तर तक पहुंचा दिया, लेकिन इसके बाद दूसरी किश्त की राशि जारी नहीं होने से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है। हितग्राही का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को निर्माण की प्रगति से अवगत कराया और दूसरी किश्त जारी करने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक उनके खाते में राशि नहीं पहुंची है।

आर्थिक तंगी के कारण अब न तो निर्माण सामग्री खरीदी जा पा रही है और न ही मजदूरों का भुगतान किया जा रहा है। इससे उनका परिवार अधूरे मकान में रहने की मजबूरी झेल रहा है। उन्होने यह भी कहा कि निर्माण कार्य शुरू नहीं किया था, तब सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाला राशन रोक दिया गया था और जल्द निर्माण शुरू करने का दबाव बनाया गया, लेकिन अब जबकि उन्होंने मकान को ढलाई स्तर तक पहुंचा दिया है, तब दूसरी किश्त की राशि अटका दी गई है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

हितग्राही ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि उनके निर्माण कार्य का शीघ्र सत्यापन कर नियमानुसार दूसरी किश्त तत्काल जारी की जाए, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के उद्देश्य के अनुरूप उनका घर समय पर पूरा हो सके। उनका कहना है कि योजना का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब स्वीकृत राशि समय पर हितग्राहियों तक पहुंचे और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## बड़गांव बाजार में विवाद के बाद मां-पुत्र से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

साप्ताहिक बाजार में मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जब दुकान लगाने के दौरान हुए आपसी कहासुनी में एक महिला और उसके पुत्र के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना सामने आई। घटना से बाजार परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया।

बड़गांव थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए पटेलपारा निवासी 48 वर्षीय देवकी जैन ने पुलिस को बताया कि वह प्रत्येक शनिवार साप्ताहिक बाजार में होटल की दुकान लगाती हैं। शनिवार 27 जून की शाम लगभग 6:30 बजे उनका पुत्र गनेश्वर जैन दुकान के पीछे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर रहा था। इसी दौरान पास में दुकान लगाए संतोष पाल ने वाहन खड़ा करने को लेकर आपत्ति जताई, जिस पर विवाद बढ़ गया। पीड़िता के अनुसार विवाद के दौरान संतोष पाल ने गुस्से में आकर गनेश्वर जैन के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उसे धक्का देकर गिराने का प्रयास किया, जब शिकायतकर्ता अपने पुत्र को बचाने पहुंचीं, तो आरोपी ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी संतोष पाल का व्यवहार पहले से ही विवादित रहा है और वह अक्सर पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज करता है। साथ ही पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा कई बार जान से मारने की धमकी भी दी जाती रही है, जिससे परिवार भय के माहौल में रह रहा है।



घटना की शिकायत के आधार पर बड़गांव पुलिस ने आरोपी संतोष पाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (1), 296 और 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## लट्टीपारा स्कूल को मिली खेल सुविधाएं

**कांकेर।** सुपर-60 मॉडल उत्कृष्ट विद्यालय, प्राथमिक शाला लट्टीपारा में नए शिक्षा सत्र 2026-27 से पहले बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक पार्क तैयार किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में फिसल पट्टी, दोलन झूले, सी-सॉ और घोड़ा झूला लगाए गए हैं। अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई के साथ बालवाड़ी, डिजिटल स्मार्ट क्लास, निःशुल्क पुस्तकें और स्वच्छ पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध है। प्राथमिक शाला लट्टीपारा एचएम द्रोपति सिन्हा के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक जारी रहेगी।



## सिलपट में लाड़ी से नकदी समेत कृषि सामग्री की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

लोहत्तर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलपट में अज्ञात चोरों ने एक किसान के खेत स्थित घर (लाड़ी) को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर नकदी सहित हजारों रुपये मूल्य का कृषि उपयोगी सामान चोरी कर लिया। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में दहशत और असुरक्षा का माहौल है।

थाना लोहत्तर में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम सिलपट निवासी विश्राम सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि बताया कि उनका खेती-बाड़ी का घर (लाड़ी) ग्राम में सत्संग भवन के सामने स्थित है, जहां वे कृषि संबंधी सामान रखते हैं और समय-समय पर वहां निवास भी करते हैं। 25 जून को वे खेती का कार्य पूरा करने के बाद घर में सभी आवश्यक सामान रखकर बाहर से ताला लगाकर अपने बच्चों से मिलने भानुप्रतापपुर चले गए थे।



- अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दिया वारदात को अंजाम

अगले दिन 26 जून की सुबह लगभग 8 बजे जब वे वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर प्रवेश करने पर पाया कि अज्ञात चोरों ने घर में रखे सामान को पूरी तरह खंगाल दिया था और कई कीमती वस्तुएं गायब थीं। चोरी की इस घटना में चोर चार कट्टा धान, एक पुराना कूलर, एक टेबल पंखा, एक गैस सिलेंडर, दो बैटरी चालित स्प्रेयर, दो त्रिपाल, लगभग 70 मीटर लंबे 10 ग्रीन नेट, दो जरीकेन में रखा डीजल, पेटी में रखे 2,000 रुपए नकद सहित अन्य कृषि उपयोगी सामान ले उड़े। पीड़ित किसान के अनुसार चोरी गए सामान की कुल अनुमानित कीमत लगभग 35,450 रुपये है। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

शिकायत के आधार पर लोहत्तर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 एवं 331 (4) के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

## न्यायसंगत वितरण और पारदर्शिता पर उठे सवाल, प्रशासन से कार्रवाई की अपील

# रावघाट खदान से 35 गांवों में असंतोष की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

रावघाट खनन परियोजना से प्रभावित आठ ग्राम पंचायतों के लगभग 35 गांवों के ग्रामीणों में इन दिनों भारी असंतोष और नाराजगी देखने को मिल रहा है।

- ग्रामीणों का आरोप नारायणपुर को अधिक लाभ, प्रभावित क्षेत्र कांकेर उपेक्षित

ग्रामीणों का आरोप है कि खदान संचालन के बाद उन्हें जिन मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों का आश्वासन दिया गया था, वे अब तक धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। इससे क्षेत्र के लोग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

प्रभावित गांव के ग्रामीणों का कहना है कि रावघाट प्रबंधन की ओर से विकास और पुनर्वास के नाम पर बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज तक गांवों में अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। न तो सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल


▶▶ शेष पेज 10 पर




### सरकार व प्रशासन से हस्तक्षेप की माँग

ग्रामीणों ने सरकार एवं जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि रावघाट खदान क्षेत्र में रोजगार और परिवहन कार्यों के वितरण में भारी असमानता देखी जा रही है। कांकेर जिले को जहां खदान का बड़ा क्षेत्र आता है, अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जबकि नारायणपुर जिले को अधिक अवसर दिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पारदर्शिता और न्यायसंगत भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग करते हुए उचित कार्रवाई की बात कही है।

### प्रभावित गांव के ग्रामीणों ने जताई चिंता

ग्रामीणों ने सबसे बड़ी चिंता यह जताई है कि आने वाले बारिश के मौसम में खदान क्षेत्र से निकलने वाला लाल पानी उनके खेतों तक पहुंच सकता है, जिससे कृषि भूमि और फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। उनका कहना है कि इस समस्या का मुख्य कारण यह है कि अब तक खदान के चारों ओर स्वीकृत सुरक्षा नाली (ड्रेनेज सिस्टम) का निर्माण नहीं हो पाया है, जिसके कारण बारिश का पानी सीधे आसपास के गांवों की ओर बहकर जाने की संभावना बनी रहती है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उनकी धान और अन्य फसलें पूरी तरह प्रभावित हो सकती हैं, जिससे आर्थिक संकट गहरा सकता है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### किशनपुरी के छात्र गजेंद्र का नवोदय में चयन

**उमरादाह।** नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम किशनपुरी स्थित प्राथमिक शाला के छात्र गजेंद्र कुलदीप का चयन



प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।
सरपंच शिव प्रसाद उईके, प्रधान पाठक सुरेखा मांडवी, शिक्षक दिनेश कुमार रावटे, संकुल प्राचार्य प्रदीप कुमार मंडावी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सियाराम पटेल, गंगाराम नेताम, शंकर लोनहार, चिंताराम नेताम, गणेश नेताम, हेमंत कुलदीप, अनिल पटेल, शत्रुघ्न सिन्हा एवं प्रताप कुंजाम सहित ग्रामीणों ने भी हर्ष व्यक्त किया।

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया गया



**भानुप्रतापपुर।** भारतवर्ष को मुगल आक्रांताओं से बचाने के लिए मुगल आक्रांताओ से संघर्ष करने वालीरानी दुर्गावती जी का बलिदान दिवस शिवसेना द्वारा भानुप्रतापपुर में उनके प्रतिमां की पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस अवसर पर शिवसेना द्वारा कहा गया कि जिस तरह से रानी दुर्गावती के द्वारा देश को मुगल आक्रांताओं से बचाने के लिए आक्रांताओं लड़ाई और लड़ते हुए उन्हें कड़ा जवाब दिया गया एवं आक्रांताओं से लड़ाई लड़ते हुए वह वीरगति को प्राप्त हुई। इस तरह शिवसेना ने भी संकल्प लिया की अपने देश को विभिन्न बुराइयों से अनयाय, अत्याचार, शोषण भ्रष्टाचार से बचाने के लिए हमे संघर्ष करना है और अपने देश को बचाना है। पुनः भारत देश को विश्व में सोने की चिड़िया बनाना है।

### प्रवेशोत्सव में छात्रों का पुष्पवर्षा कर स्वागत



**दसपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला दसपुर संकुल केंद्र कोदाभाट में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को बच्चों के नियमित विद्यालय आगमन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने एवं नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। विद्यालय परिसर में उत्सवपूर्ण वातावरण रहा। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में अपना सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हिमेश्वरी साहू, सरपंच सूर्या नेताम, शिक्षाविद आरपी साहू, खेमीन यादव, जागृति यादव, देव कुमार साहू, प्रधानाध्यापिका सुनीता श्रीवास, संकुल समवन्यक महेंद्र कुमार मंडावी एवं पालक उपस्थित रहें।

## निधन

### शिवकुमार चिराम

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम कर्रामाड़ निवासी 62 वर्षीय निवासी शिवकुमार चिराम का 28



जून रविवार को रायपुर के प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे हल्बा समाज दुर्गूकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष तथा व्यापारी संघ सदस्य थे। उनके निधन से समाज एवं क्षेत्र में शोक व्याप्त है। अंतिम संस्कार 29 जून 2026 को गृह ग्राम कर्रामाड़ में होगा।

# किसी भी क्षेत्र में मौसमी बीमारी की सूचना पर तुरंत पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक ने जनकल्याणकारी गतिविधियों की समीक्षा की। इस वर्चुअल बैठक में सभी नोडल अधिकारी, जिला सलाहकार, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक डेटा मैनेजर, ब्लॉक अकाउंट्स मैनेजर, ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर और जिला व ब्लॉक स्तरीय प्रोग्राम मैनेजर्स शामिल हुए। बैठक के दौरान वर्तमान में मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार पर जोर देते हुए मैदानी अमले के माध्यम से सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए। वहीं किसी भी क्षेत्र में मौसमी बीमारी की सूचना पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के एजेंडे के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख कार्यक्रमों के डेटा, बस्तर मुन्ने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 100 दिवसीय जांच एवं उपचार अभियान, टीबी मुक्त भारत अभियान, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान, मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के 14वें राउंड, एचपीवी वैक्सीनेशन और पल्स पोलियो अभियान की अद्यतन स्थिति पर मंथन किया गया।

## मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार पर दिया गया जोर

### मैदानी अमले मिशन मोड में कार्य करें

सीएमएचओ ने जिले की इन उपलब्धियों की सराहना की। साथ ही कुछ सुदूर ब्लॉकों में स्वास्थ्य संकेतकों, एचपीवी टीकाकरण और विभिन्न कार्ड निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और मैदानी अमले को पूरी प्रतिबद्धता के साथ मिशन मोड में कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, आयुष्मान कार्ड निर्माण के शेष लक्ष्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### बस्तर जिला अव्वल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में कार्ड निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। जहां अब तक 94.7 प्रतिशत कवरेज हासिल करते हुए 7,80,818 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वयोवंदना कार्ड योजना के माध्यम से जिले के 14,345 वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

### प्रसव दर 104.9 प्रतिशत

*मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बस्तर जिला लगातार सुदृढ़ स्थिति में बना हुआ है। जिले में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण के विरुद्ध संस्थागत प्रसव की दर 104.9 प्रतिशत दर्ज की गई है। जो विभिन्न उच्च स्तरीय सरकारी और निजी चिकित्सा केंद्रों में सुरक्षित प्रसव की बेहतर पहुंच को प्रमाणित करती है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक जिले में 3,372 जीवित बच्चों का जन्म दर्ज किया गया है और बच्चों के पूर्ण टीकाकरण का स्तर 77 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।*

## भजन-कीर्तन और कबीर वाणी का किया वाचन

# दुधावा में श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई गई संत कबीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



तहसील सरोना के अंतर्गत महानदी के तट पर स्थित ग्राम दुधावा के कबीर कुटी में कबीर प्रगट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कबीर पंथी अनुयायी, ग्रामीण तथा श्रद्धालु शामिल हुए।

उत्सव का शुभारंभ 28 जून को कबीर साहेब की पूजा-अर्चना, चौका-आरती एवं सत्संग से हुआ। इस अवसर पर कबीर वाणी का पाठ, भजन-कीर्तन तथा प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें संतों एवं वक्ताओं ने कबीर साहेब के सत्य, अहिंसा, समता, मानवता और सद्भाव के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कबीर साहेब के भजनों का गायन किया और समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजन में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की भी उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

इस मौके पर पहुंचे महंत अरूण दास मानिकपुरी, देवान प्रकाश दास मानिकपुरी, बसंत दास मानिकपुरी, असवंत दास मानिकपुरी, किर्तन दास मानिकपुरी, विवेक दास मानिकपुरी, द्वारिका प्रसाद मानिकपुरी, चंद्रकांत मानिकपुरी, एकलव्य दास मानिकपुरी, गुलशन दास मानिकपुरी, नयन दास मानिकपुरी, महंत चेतन गोसाईं साहेब, विष्णु दास मानिकपुरी, कुंवर दास आमीन माता, अहिल्या मानिकपुरी, कला मानिकपुरी, सविता मानिकपुरी, जयंत्री मानिकपुरी, असला मानिकपुरी, मीना मानिकपुरी, गीता मानिकपुरी, किरन मानिकपुरी, त्रिवेणी मानिकपुरी, लीला मानिकपुरी, देवत्री गोसाईं, रीना मानिकपुरी, नीरा मानिकपुरी एवं कबीर पंथी उपस्थित रहे।

## बनसागर में सरपंच ने सबसे पहले पोलियो की खुराक दी



**बनसागर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को ग्राम पंचायत बनसागर में विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सरपंच एवं सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार कुंजाम ने बच्चों को पोलियो की पहली खुराक पिलाकर किया। सरपंच संदीप कुमार कुंजाम ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे जन्म से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की निर्धारित खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित न रहे। अभियान के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम, आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं वार्ड पंचों ने घर-घर संपर्क कर ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि ग्राम का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहेगा तथा भविष्य में भी स्वास्थ्य संबंधी जनहितकारी अभियानों में सक्रिय सहयोग दिया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी न्यायिक रिमांड पर गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में आमाबेड़ा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी पर पीड़िता को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का आरोप है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना आमाबेड़ा क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता को लगभग एक वर्ष पूर्व आरोपी कोण्डागांव जिला के थाना बड़ेडोंगर अंतर्गत ग्रमा तोरण्ड निवासी 21 वर्षीय सकुनलाल पोयाम प्रेम संबंध का झांसा देकर शादी का वादा किया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता की शिकायत पर थाना आमाबेड़ा में अपराध क्रमांक 20/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने ग्राम तोरण्ड में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार साहू, उप निरीक्षक भुनेश्वर चंद्रवंशी तथा आरक्षक दिलीप कचलाम, उत्तम कुमार ठाकुर, अमर सिंह नेताम, प्रदीप निषाद और कृष्णा सोनकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चौकी हल्बा, थाना नरहरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

प्रार्थीया द्वारा 27 जून 2026 को चौकी हल्बा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी बालोद जिला के गुण्डरदेही थानांतर्गत ग्राम चारभाठा निवासी 21 वर्षीय हेमन्त विश्वकर्मा पिता स्व. अस्तिर राम विश्वकर्मा द्वारा बहला-फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसाया ओर आरोपी ने पीड़िता के स्कूल में अध्ययनरत होने की जानकारी के बावजूद सितंबर 2025 से लगातार उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर आरोपी को ग्राम चारभाठा से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया व कई बार दुष्कर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 64(2)(ड), 65(1) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट 4, 6 के तहत प्रकरण दर्ज किया और आरोपी को 28 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक कोमल भूषण पटेल, सउनि चेतन साहू, प्रआर शैलेन्द्र नेताम, मप्रआर ममता साहू व अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# बालक आश्रम सोनपुर के 5 छात्रों का एकलव्य विद्यालय में चयन

**उमरादाह।** विकासखंड नरहरपुर के संकुल केंद्र चवांड अंतर्गत बालक आश्रम सोनपुर के पाँच विद्यार्थियों का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों में चिरंजीत उइके, सिद्धांत गावड़े, लकेश्वर सलाम, शिवम जुर्री और दीपांशु नेताम शामिल हैं। काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इन छात्रों को संबंधित विद्यालय में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। एक ही संस्थान से पाँच छात्रों का एक साथ चयन होना शाला परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इससे न केवल विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण मिलता है, बल्कि शिक्षकों, पालकों और छात्रों के संयुक्त प्रयासों की सफलता भी झलकती है। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक रोशन लाल वट्टी ने बताया



कि हर वर्ष यहाँ से एक से दो छात्रों का चयन होता रहा है, लेकिन इस बार एक साथ पाँच छात्रों का चयन होना गौरव का विषय है। इस सफलता में शिक्षिका गीता नायक, शिक्षक जगमोहन तारम, राकेश कुमार कोमरा सहित शाला के कर्मचारी अशोक कोडोपी, जीवन बघेल, शत्रुघन मरकाम, दिनेश दिवाकर और किरण मंडावी का विशेष योगदान रहा।

# भानुप्रतापपुर ब्लाक की 7869 बच्चों ने पिया पोलियो ड्रॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस पर भानुप्रतापपुर विकासखंड में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 7 हजार 869 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर रहे। इस अवसर पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन्द्र गोटा सहित स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में बच्चों के साथ उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने का अव्हान किया, ताकि उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर जाकर पहले दिन छूटे हुए बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी, जिससे विकासखंड का कोई भी पात्र बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। विभाग ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि यदि उनका बच्चा पहले दिन पोलियो की दवा नहीं पी सका है, तो घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीम को अवश्य दवा पिलाएं।

# सेजेस दुर्गूकोंदल के प्रवेशोत्सव में छात्रों का अभिनंदन

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों ने शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति



विकास राजू नायक ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और बड़े सपने देखने का संदेश देते हुए कहा कि विद्यालय ज्ञान के साथ व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अजय नेताम ने की। उन्होंने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, सरपंच शकुंतला नरेटी सहित अन्य अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और पालकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अव्हान किया।

## पेज 09 के शेष...

### रावघाट खदान से 35 गांवों ....

और न ही रोजगार से जुड़े कार्यों में अपेक्षित प्रगति हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजना का सीधा असर उनके जीवन और खेती पर पड़ रहा है, लेकिन इसके बदले मिलने वाले लाभ न के बराबर हैं। रावघाट खदान क्षेत्र को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि खदान का अधिकांश क्षेत्र कांकेर जिले में आता है, लेकिन वास्तविक लाभ नारायणपुर जिले को अधिक मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रावघाट प्रबंधन द्वारा अब तक नारायणपुर जिले से अधिक मजदूर और ट्रक लगाए गए हैं, जबकि कांकेर जिले को अपेक्षित लाभ नहीं मिला। उपलब्ध संभावित आंकड़ों के अनुसार नारायणपुर जिले से लगभग 310 ट्रक लगाए जा रहे हैं, वहीं कांकेर जिले से मात्र 40 ट्रक संचालित हैं, जिनमें प्रभावित गांवों के केवल 8 से 10 ट्रक शामिल हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ब्लॉक ए में उत्खनन शुरू होने के बावजूद कांकेर जिले को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है।

## 76,544 बच्चों के दी जाएगी खुराक

# अलबेलापारा में पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को पोलियो की खुराक दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत जिले में शून्य से 05 वर्ष तक बच्चों को पोलियो दो बून्द खुराक पिलाकर तीन दिवसीय अभियान की शुरूआत किया गया। जिला चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु रोग विभाग अलबेलापारा में नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं महेश जैन व पार्षद उगेश्वरी उइके ने बच्चों को पोलियो की दो बून्द खुराक देकर अभियान



की शुरूआत किया।

इस अभियान के तहत प्रथम दिवस को पोलियो बूथ पर ही बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी तथा दूसरे एवं तीसरे दिवस को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, इसके लिए 1,274 घर-घर भ्रमण दल सदस्य तथा 31 ट्रांजिट टीम सदस्य तैनात किए गए हैं। इस अभियान के तहत जिले के 0 से वर्ष आयु वर्ग के 76,544 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ओपी शंखवार सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो-मुक्ति का प्रमाण-पत्र मिलना एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय उपलब्धि है। तब से भारत 14 वर्ष से अधिक समय से पोलियो-मुक्त है। विश्व स्तर पर वाइल्ड पोलियो वायरस का प्रसार अभी भी बच्चों को प्रभावित कर रहा है, जिसमें भारत के कुछ पड़ोसी देश भी शामिल हैं, जिससे रोग के पुनः संक्रमण का जोखिम बना हुआ है।

# संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या अपनाने से व्यक्ति रहता है स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोहंडीगुड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत चित्रकोट में सरपंच भंवर मौर्य की पहल एवं आयुर्वेद विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, चिकित्सकों ने जांच कर दवाइयाँ दी। शिविर में मौसमी बीमारियों, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, त्वचा रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण कर उपचार किया। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को आयुर्वेद आधारित स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी।

■ आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

इस अवसर पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के पदाधिकारी शिविर में पहुँचे। उन्होंने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया और ग्रामीणों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप, कार्यकर्ता गोपी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच ने कहा कि ग्रामीणों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलटा, चालक की मौत

**नगरी।** सिहावा थाना क्षेत्र के गढ़ियापारा में शनिवार को एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर पंडरीपानी से भीतररास की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जबकि साथ में मौजूद एक नाबालिग ट्रॉली की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को बाहर निकालने का प्रयास किया। चालक को गंभीर चोटें आई थीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुमन मरकाम पिता गुलाल मरकाम के रूप में हुई है। घायल नाबालिग को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर सिहावा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के दौरान चालक के सिर और शरीर के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आई थीं। हालांकि मौत के कारणों की अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी।

### एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स का सुरक्षित निबटान

**धमतरी।** सिहावा चौक के समीप शनिवार को बड़ी मात्रा में एक्सपायरी कोल्डड्रिंक्स का निर्धारित प्रक्रिया के तहत निस्तारण किया गया। मौके पर विभिन्न कंपनियों के सैकड़ों पेय पदार्थों की बोतलों को कंपनी के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में नष्ट किया गया। ट्रेडर्स के संचालक ने बताया कि उनकी फर्म पेय पदार्थों की डीलर है तथा विभिन्न कंपनियों के उत्पादों की आपूर्ति कंपनी के माध्यम से होती है। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद एक्सपायरी हो चुके उत्पादों को बाजार में बेचना नियमों के विरुद्ध है। इसलिए कंपनी की नीति के अनुसार चेकर की निगरानी में सभी उत्पादों का सुरक्षित तरीके से डिस्पोज किया गया। हालांकि एक साथ बड़ी संख्या में एक्सपायरी पेय पदार्थों के भंडारण और निस्तारण को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा रही।

### निधन

**नितिश दुबे**



**जगदलपुर।** प्रतापदेव वार्ड निवासी युवा ट्रांसपोर्ट कारोबारी नितिश दुबे (32) का विशाखापटनम में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे असीम दुबे के पुत्र और मंडी अध्यक्ष अभय दुबे के भतीजे थे। उनकी अंतिम यात्रा गृह निवास से रविवार की सुबह 11 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पहुंचते हैं बारसूर बाजार, आज तक नहीं बना पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरकार की प्राथमिकता सूची में गांवों को शहर से जोड़ने के लिए पुल, पुलिया और सड़क निर्माण शामिल है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। गीदम ब्लॉक के बारसूर से लगे हिटामेटा पंचायत के आश्रित गांव झिटकीपारा के लोग आज भी बुनियादी सुविधा के लिए भटक रहे हैं। हिटामेटा पंचायत के बीच से बहने वाली माडर नदी पर आज तक पुल का निर्माण नहीं हो सका है। हर साल बारिश के मौसम में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश में नदी उफान पर आ जाती है और झिटकीपारा से बारसूर व जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक पहुंचने का रास्ता लगभग बंद हो जाता है।

ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बारसूर बाजार जाना पड़ता है। नदी में पुल न होने से लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। 1 किमी की दूरी के लिए ग्रामीणों को 10 किलोमीटर से ज्यादा का चक्कर लगाकर बारसूर और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। इस इलाके के ज्यादातर लोग खेती पर निर्भर हैं। खेतों में काम करते वक्त अक्सर ग्रामीण सांप के काटने का शिकार हो जाते हैं। लेकिन न तो गांव तक सड़क है और न ही नदी पार करने के लिए पुलिया। ऐसे में एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती। प्रसव के लिए महिलाओं को भी जान जोखिम में डालकर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

प्रभुनाथ कश्यप और भुनेश मंडावी ने बताया कि पुल न होने से पूरा गांव बारिश में टापू बन जाता है। हिटामेटा पहाड़ी इलाका है, थोड़ी सी बारिश में ही पंचायत का संपर्क टूट जाता है। पुल निर्माण के लिए ग्रामीण कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर माडर नदी पर पुल बन जाए तो शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। पुल बनने से झिटकीपारा समेत एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### आजादी के बाद भी पुल को तरस रहा झिटकीपारा



#### बारसूर-पल्ली सड़क पर बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल की बारिश में बारसूर-पल्ली सड़क पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण इस बार आवागमन में और ज्यादा दिक्कत हो सकती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द पुल निर्माण की मांग की है ताकि उन्हें हर साल जान जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े।

## पीएम के मन की बात में 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज

# मरईगुड़ा पहुंचे मंत्री, सरपंच के घर आंगन में सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सरकारी मंचों से अलग इस बार सुकमा जिले के मरईगुड़ा गांव में एक आत्मीय तस्वीर देखने को मिली। वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप सीधे मरईगुड़ा पहुंचे, जहां

■ प्रधानमंत्री का हर संदेश समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला जनआंदोलन

छोटे से गांव में ग्रामीणों, मातृशक्ति और बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के बाद मंत्री ने ग्रामीणों से सहज चर्चा की और उनकी बातों को भी गंभीरता से सुना।

इस अवसर पर वन मंत्री ने कहा कि मन की बात अब केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का जनआंदोलन बन चुका है। यह मंच उन लोगों को देशभर में पहचान दिलाता है, जो निस्वार्थ भाव से समाज, पर्यावरण, शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी तकनीक, वैज्ञानिक सोच, नवाचार और जनभागीदारी को विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। स्वदेश में निर्मित सी-295 सैन्य परिवहन विमान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह हर देशवासी के लिए गर्व की बात है।



#### अंधविश्वास छोड़ें, नवाचार अपनाएं

केदार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच अपनाकर अंधविश्वास से दूर रहना और नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब हर नागरिक अपने गांव, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाए। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता को जीवन का हिस्सा बनाकर ही देश को नई दिशा दी

#### सादगी की मिसाल

मंत्री केदार कश्यप का मरईगुड़ा की सरपंच सपना के साधारण आवास पर पहुंचकर ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठना और मन की बात सुनने के बाद उनसे खुलकर संवाद करना कार्यक्रम का सबसे आत्मीय और चर्चित पहलू रहा। यह दृश्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच सीधे संवाद की मिसाल बनकर सामने आया।

# एनसीसी शिविर पहुंचे ब्रिगेडियर पात्रा, कैडेटों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने परचनपाल में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान रायपुर ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमांडर, ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा ने शिविर का दौरा किया। उनके आगमन पर एनसीसी कैडेटों ने उन्हें सुसज्जित गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सैन्य परंपराओं के अनुरूप स्वागत किया।

■ एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का ग्रुप कमांडर ने किया निरीक्षण

शिविर कमांडेंट ने ग्रुप कमांडर को शिविर की रूपरेखा, विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा शिविर में संचालित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने शिविर परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का अवलोकन किया तथा कैडेटों के साथ संवाद किया।

ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा ने कैडेटों से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एनसीसी कैडेट को एक आदर्श नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर का सशक्त ब्रांड एम्बेसडर बनना चाहिए। उन्होंने कैडेटों की कठिन परिस्थितियों में भी सीखने की लगन, अनुशासन, अथक परिश्रम तथा निरंतर स्वयं को बेहतर बनाने की भावना की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही गुण भविष्य में उन्हें उत्कृष्ट नागरिक एवं सक्षम नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करेंगे। उनके उत्साहवर्धक शब्दों से सभी कैडेट अत्यंत प्रेरित एवं उत्साहित दिखाई दिए। ग्रुप कमांडर ने विशेष रूप से बस्तर अंचल की बालिका कैडेटों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण उन्हें नेतृत्व, आत्मरक्षा, साहस, टीम भावना, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र सेवा के लिए सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बस्तर की बेटियां अपनी मेहनत और समर्पण से न केवल अपने जिले और राज्य, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। शिविर में सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ शारीरिक दक्षता, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक सेवा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा राष्ट्रीय एकता से संबंधित विविध गतिविधियों का प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार का प्रशिक्षण कैडेटों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# शोक संतप्त परिवार से मिले प्रभारी मंत्री, बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन सिद्दू के निवास पहुंचे। उन्होंने पवन सिद्दू के दिवंगत पिता स्वर्गीय अनिल कुमार सिद्दू के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मंत्री उन्होंने स्वर्गीय अनिल कुमार सिद्दू के व्यक्तित्व और उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के सदस्यों का कुशलक्षेम जाना और इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अनिल कुमार सिद्दू का स्नेह, सरल स्वभाव और समाज के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके बताए आदर्श और जीवन मूल्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस दौरान उन्होंने कुछ समय तक परिवारजनों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ बैठे और सहज वातावरण में चर्चा की। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तथा उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का माहौल पूरी तरह श्रद्धा, संवेदना और आत्मीयता से ओत-प्रोत रहा।

## 153 ग्रामीणों में से 73 की विशेष लैब जांच

# कमर, घुटने का दर्द, गठिया, सर्वाइकल एवं हड्डियों के मरीजों की जांच और उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एस.बी.आई. फाउंडेशन के सहयोग एवं परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के तत्वावधान में ग्राम पंचायत करमरी में निःशुल्क अस्थि रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

कुल 153 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। इनमें से 73 हितग्राहियों का विशेष लैब जांच भी की गई। शिविर में अस्थि एवं जोड़ संबंधी समस्याओं से पीड़ित ग्रामीणों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान कमर दर्द, घुटने का दर्द, गठिया, सर्वाइकल एवं अन्य हड्डी संबंधी रोगों की जांच कर उचित उपचार की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित व्यायाम, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, कैल्शियम एवं विटामिन-डी युक्त भोजन के सेवन तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सरपंच मिलन बघेल, उपसरपंच रामेश्वर दीवान, सचिव पीला नाथ मौर्य, पंच फूल चंद मौर्य, रोजगार सहायक गजेंद्र मौर्य, मितानिन फूलमती सेठिया, देवकी मौर्य, कमला बघेल, खिरमानी कश्यप, उमा बघेल डॉ परवेश मिश्रा , डॉ नूर आलम समेत अन्य मौजूद रहे।

### बेडागुड़ा में घर-घर पिलाई पोलियो दवा



**तोकापाल।** ग्राम पंचायत बेडागुड़ा में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर और बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो मुक्त एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करना है।

# नशामुक्त समाज के लिए गूंजे नारे, फारेस्ट नाका से बारसूर चौक तक निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में आमजन को साइबर अपराधों से बचाने और नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए थाना गीदम पुलिस ने चलित थाना के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। गीदम क्षेत्र और साप्ताहिक

■ पुलिस और गायत्री परिवार की नशामुक्ति रैली

बाजार में साइबर जागरूकता एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी गीदम निरीक्षक अमित बेरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के निर्देश पर चल रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य पर पड़ने



वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए थाना गीदम ने गायत्री परिवार के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली। गीदम फारेस्ट नाका से बस स्टैंड, हारम चौक होते हुए बारसूर चौक तक निकाली गई इस रैली में करीब 200 लोगों ने हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से आम जनता को नशा छोड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सामंजस्य बढ़ाना, अपराध नियंत्रण, नशा उन्मूलन, महिला-बाल सुरक्षा, साइबर जागरूकता, यातायात सुरक्षा और पुलिस-जन संवाद को बढ़ावा देना था। इसके तहत 5 प्रमुख कार्यक्रम हुए। महिला एवं बाल सुरक्षा पर जागरूकता, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड से बचाव की जानकारी, मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों से कहा गया कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी जानकारी किसी से साझा न करें।

#### चलित थाना में सुनी गई शिकायतें

चलित थाना के दौरान ग्रामीणों से ट्रैफिक संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस ने उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी और आपसी समझौते से कई मामलों का निराकरण कराया। स्थानीय लोगों को अपराधों से दूर रहने और कानून का पालन करने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामीणों ने भाग लिया। लोगों ने पुलिस की इस पहल को उपयोगी बताया और कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

#### इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम में एसआई राम कुमार श्याम, सहायक उप निरीक्षक अनिल धुर्वे, महिला प्रधान आरक्षक ललिता ध्रुव, प्रधान आरक्षक नथलू कवासी, दुखुराम पद्माकर, आरक्षक राजमान नाग, महिला आरक्षक लक्मी कश्यप एवं रेशमी कँवर उपस्थित रहे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तालाकुर्रा में 90 बच्चों को पिलाई खुराक दी



**कांकेर।** तालाकुर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 एवं भाटापारा में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सरपंच विनोद रावटे ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। अभियान के तहत 90 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस अवसर पर उपसरपंच जितेंद्र साहू, मंडल महामंत्री देवेंद्र यदु, संजय जैन, सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह जैन, गौतम गांवर, दयाराम सलाम, चंद्रभान मरकाम, गजानंद साहू, मोहन जैन, नर्स संगीता चुवार्य, मितानिन ममता रावटे, भगवंतीन जैन सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आज दो स्थानों पर होंगे परामर्श शिविर

**कांकेर।** पतंजलि योग समिति जिला कांकेर द्वारा 29 जून को बैठक में यह निर्णय लिया गया कि निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन दो अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। पहला शिविर दुर्गुकोंदल के मेन रोड स्थित शिव मंदिर में दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगा, जबकि दूसरा शिविर शुभ पल्ली दुर्गा मंदिर, पखांजुर में शाम 4 से 6 बजे तक संपन्न होगा। शिविर में आने वाले आरोग्य साधकों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. राजेश शुक्ल द्वारा पतंजलि आयुर्वेद तथा उपेश्वर ठाकुर द्वारा परंपरागत वनौषधियों पर आधारित निःशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### पोलियो की खुराक देकर अभियान की शुरुआत की



**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी केंद्र आमाकड़ा में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई। भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश नेताम ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पोलियो दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा किसान का बेटा हो या मजदूर का, सबका बच्चा हमारे देश का भविष्य है। भविष्य तभी सुरक्षित रहेगा जब हमारा बच्चा स्वस्थ रहेगा। पोलियो जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए ये दो बूंद बहुत जरूरी हैं। पालकों से कहा कि खेत-खलिहान के काम के चक्कर में बच्चों की दवा मत भूलना। 5 साल तक के हर बच्चे को पोलियो की खुराक दिलवाना हमारी पहली जिम्मेदारी है। एक भी बच्चा छूटा तो खतरा बना रहेगा। सरकार आपके दरवाजे तक आ रही है, आप बस सहयोग करो इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य विभाग की टीम, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### पोलियो अभियान शुरू बच्चों को पिलाई दवा



**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी केंद्र महेंद्रपुर में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता नरसिंह उयके ने बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पोलियो की दो बूंद, जिंदगी भर का सुख। अपने बच्चों को अपंगता से बचाने का ये सबसे आसान तरीका है। 5 साल तक के एक-एक बच्चे को दवा मिले, ये हम सबको देखना है। कोई बहाना नहीं चलेगा बच्चा सो रहा है, बाहर गया है, तो टीम घर तक पहुंचेगी।उन्होंने गांववालों से अपील की कि अपने बच्चे के साथ-साथ पड़ोस के बच्चों का भी ध्यान रखें। अगर किसी का बच्चा छूट रहा हो तो कार्यकर्ता को बताएं। बच्चा स्वस्थ रहेगा तो गांव और समाज भी मजबूत बनेगा। इस अवसर पर मीना उईके, नर्मिला सलाम, शशि उईके, ममता सलाम, जयंती जैन, जागेश्वर जैन, मुकेश नरेटी और बड़ी संख्या में पालक मौजूद रहें।

# मुल्ला के कबीर प्रकटोत्सव में पनिका समाज ने दिया समरसता का संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर**

प्रान्तीय मानिकपुरी पनिका समाज परिक्षेत्र मुल्ला में रविवार को संत शिरोमणि कबीर दास की प्रकटोत्सव जयंती श्रद्धा, उल्लास एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पूरे परिक्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समाज द्वारा ध्वजारोहण पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष गोविंद दास मानिकपुरी ने संत कबीर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान मुल्ला परिक्षेत्र अध्यक्ष *त्रिवेणी दास मानिकपुरी और जिला संगठन प्रभारी नरोत्तम दास मानिकपुरी मंच पर मौजूद रहे। समाज के वरिष्ठ सलाहकार मिलु दास महंत ने कहा, कबीर दास ने जात-पात, ऊंच-नीच और धार्मिक आडंबरों का खंडन कर मानवता का पाठ पढ़ाया। उनका हिंदू कहें मोहि राम पियारा, तुर्क कहें रहमाना दोहा आज भी सामाजिक एकता की मिसाल है। संरक्षक इंद्र दास मानिकपुरी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे कबीर के विचारों को आत्मसात कर नशामुक्त समाज का निर्माण करें। सचिव संतोष दास मानिकपुरी ने बताया कि समाज हर साल कबीर जयंती पर रक्तदान, पौधरोपण जैसे रचनात्मक कार्य करता है। कार्यक्रम में जागेश्वर दास, बोधन दास, तुलसीदास, बाबूदास, योगेश दास, विक्की दास, निखिल दास, विरेन्द्र दास, चैन दास सहित अन्य सदस्यों ने कबीर के निर्गुण भजनों की प्रस्तुति दी।

## समारोह में संत कबीर की वाणी गूंजी



### साखियों का वाचन किया

*महिला प्रकोष्ठ से मंजु मानिकपुरी, प्यारी बाई, ममता मानिकपुरी, रोशनी मानिकपुरी, मोहनी मानिकपुरी, यशोदा मानिकपुरी, दुलेश्वरी मानिकपुरी ने कबीर के दोहे और साखियों का वाचन किया। महिलाओं ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का संकल्प भी लिया। मान दास, शुभम दास सहित सभी सदस्यों ने उपस्थित 4 ग्रामवासियों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव संतोष दास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर गोविंद दास मानिकपुरी, त्रिवेणी दास मानिकपुरी, नरोत्तम दास मानिकपुरी, मिलु दास महंत, इंद्र दास मानिकपुरी, संतोष दास मानिकपुरी, जागेश्वर दास, बोधन दास, तुलसीदास, बाबूदास, मान दास, योगेश दास, विक्की दास, शुभम दास, निखिल दास, विरेन्द्र दास, चैन दास, मंजु मानिकपुरी, प्यारी बाई, ममता मानिकपुरी, रोशनी मानिकपुरी, मोहनी मानिकपुरी, यशोदा मानिकपुरी, दुलेश्वरी मानिकपुरी।*

## वार्ता : संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया

# मोदी ने पर्यावरण, प्रकृतिक खेती और कल्याणकारी योजनाओं पर की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार**

धनेलीकन्हार के दोनों मतदान केंद्रों पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135 वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती और पर्यावरण संरक्षण पर दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने इन संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

■ मन की बात में संदेशों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की चर्चा



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का विशेष उल्लेख करते हुए नागरिकों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचे, इसके लिए सभी लोग अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि जरूरत के समय आर्थिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि रसायनमुक्त खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के लिए भी महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने असम में पाए जाने वाले दुर्लभ हरगिला पक्षी के संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता पूर्णिमा देवी बर्मन के सतत प्रयासों से इस पक्षी के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया और उसका संरक्षण आज जनभागीदारी का सफल अभियान बन चुका है।

मन की बात कार्यक्रम के समापन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर आगामी गतिविधियों, जनसंपर्क अभियान तथा केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, पूर्व कार्यालय मंत्री रमेश साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, राजेश्वरी सेन, खेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने किया श्रमदान, डस्टबीन वितरित कर स्वच्छता का दिया संदेश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर**

स्वच्छ नरहरपुर–सुंदर नरहरपुर अभियान के तहत रविवार सुबह व्यापारी संघ नरहरपुर के नेतृत्व में थाना चौक से हल्बा रोड डिवाइडर तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर सड़क, डिवाइडर तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई की। इस दौरान सभी ने नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

अभियान के दौरान पार्षद रंगिता उईके एवं अनिता यादव के सौजन्य से व्यापारियों को डस्टबीन वितरित किए गए और साथ ही सभी दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कचरा न फैलाने, डस्टबीन का नियमित उपयोग करने तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष मुकेश संचेती ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखे तो पूरा नगर स्वच्छ एवं सुंदर बन सकता है। कोषाध्यक्ष भूषण साहू ने कहा कि व्यापारी संघ व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ नगरहित के कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रहा है और इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जाएगा। पार्षद भागवत शोरी और युवा व्यवसायी योगेश सोनवंशी ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। सभी व्यापारियों और नागरिकों के सहयोग से ही नरहरपुर को आदर्श नगर बनाया जा सकता है। अभियान में संघ के उपाध्यक्ष रामकुमार पटेल, रामेश्वर साहू, यशवंत जैन, दिनेश निषाद, रेवती सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, डेविन देव निषाद, डायमंड सिन्हा, डीकेश, गजेंद्र, राजेश नाग, नरेंद्र पाठक, चन्द्रहास सिन्हा, पवन पटेल, मिथिलेश निषाद, शिव कल्लो कुमार, नारद निषाद, सवलू पटेल, संतोष उंदरे, चमर सिंह यादव सहित व्यापारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# दुर्गूकोंदल के छात्रों ने रचा इतिहास एकलव्य के लिए 76 का हुआ चयन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल**

विकासखंड दुर्गुकोंदल जो अपनी दूरस्थ और वनांचल भौगोलिक स्थिति के लिए जाना जाता है, ने एक बार फिर यह साबित किया है कि कठिन परिस्थितियां भी प्रतिभा के विकास में बाधा नहीं बन सकतीं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 300 सीटों के लिए 435 विद्यार्थियों को काउंसलिंग हेतु आमंत्रित किया गया, जिनमें दुर्गूकोंदल विकासखंड के 76 विद्यार्थी शामिल हैं, जो जिले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अन्य विकासखंडों में कोयलीबेड़ा से 40, कांकेर से 53, भानुप्रतापपुर से 56, अंतागढ़ से 63, चारामा से 65 और नरहरपुर से 82 विद्यार्थियों का चयन हुआ। दुर्गूकोंदल का यह प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यहां के अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों की शासकीय शालाओं में अध्ययनरत हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के पीछे खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी तथा खंड स्रोत समन्वयक लतीप सोम के मार्गदर्शन में संचालित सतत शैक्षणिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विकासखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को अभियान के रूप में चलाया गया, जिसमें नियमित अतिरिक्त कक्षाएं, संकुल स्तर पर कोचिंग, मॉडल टेस्ट और विषयवार मार्गदर्शन शामिल रहा।

इसके अतिरिक्त नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भी दुर्गूकोंदल के 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जो जिले में सर्वाधिक है। यह दर्शाता है कि यहां शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन के प्रयास निरंतर और प्रभावी रूप से किए जा रहे हैं। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों, प्रशासन और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों की भी जीत है। इस उपलब्धि ने यह संदेश दिया है कि उचित मार्गदर्शन और मेहनत से ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थी भी बड़ी से बड़ी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## मन की बात में मोदी ने विकसित भारत के संकल्प पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल**

भाजपा शक्ति केंद्र सिवनी के पुजारीपारा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135 वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जो खेलता है, वो खिलता है, इसलिए युवाओं को खेल को सम्मानजनक करियर के रूप में अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत की गौरवशाली ज्ञान परंपरा, नालंदा विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक सोच, अंधविश्वास से मुक्ति तथा नई तकनीक के सकारात्मक उपयोग पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने जनसंकल्प, जनभागीदारी और सेवा भावना को विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताया। कार्यक्रम का आयोजन मन की बात के मंडल प्रभारी, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभापति एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक के नेतृत्व में हुआ एवं कहा कि मन की बात केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संदेशों को दैनिक जीवन में अपनाने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुदेश तोप्पा, लुकेश भोयर, समुला तोप्पा, दिनेश भुआर्या, दीनबंधु, जय सिंह, जागेश्वर तोप्पा, भारत भुआर्या, महेश्वर, परमेश्वरी तोप्पा, रौशनी महावे, ललिता ध्रुव, सुशीला तोप्पा सहित ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेरा युवा भारत ने किया नशा मुक्ति अभियान का आयोजन

**कांकेर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत माय भारत कांकेर द्वारा शाउमावि धनेलीकन्हार में नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी सुनिल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव रख सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान नशा मुक्ति के समर्थन में नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के



दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशा मुक्ति विषय पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एकलव्य ओपन रोवर क्रू, भारत स्काउट एवं गाइड का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार साहू द्वारा किया गया तथा समापन नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ हुआ।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



**कांकेर।** आमाकड़ा गांव में बिजली के तारों से टकरा रहे पेड़ों का निरीक्षण करने निकले दो युवकों की जिम्मेदारी उस समय हादसे में बदल गई, जब तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ रही एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए, जबकि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को संभालकर प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई।

थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुँचे कैलाश नेताम ने पुलिस को बताया कि ग्राम आमाकड़ा निवासी अपने साथी केजाराम महावे के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 0150से आमाकड़ा में रविवार 28 जून की सुबह करीब 11 बजे गांव की गलियों में बिजली के तारों को छू रहे पेड़ों का निरीक्षण करने निकले थे, ताकि उनकी कटाई कराई जा सके और किसी संभावित दुर्घटना से बचाया जा सके। दोनों युवक मोटर सायकल से जैसे ही गांव के मुख्य चौक आमाकड़ा पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 1286 के चालक नितिन कुमार उसारे, निवासी आमाकड़ा ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर जा गिरे। हादसे में मोटरसाइकिल चालक के पेट और दाहिने पैर में चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे केजाराम महावे के बाएं पैर के घुटने और पंजे में गंभीर चोट लगी। दुर्घटना के कारण मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सड़क से उठाकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने कार चालक नितिन कुमार उसारे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## टिनाशेड, आंगनबाड़ी व गोटुल भवन का किया लोकार्पण

# विधायक सावित्री ने तीन भवनों का किया लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल**

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पचांगी में रविवार को विकास कार्यों की नई सौगात मिली। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने 37.20 लाख रुपए की लागत से निर्मित टीनाशेड, आंगनबाड़ी भवन एवं गोटुल भवन का विधिवत लोकार्पण किया।

■ ग्राम पचांगी को मिली सौगात

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांवों में आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नव निर्मित टीनाशेड सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी साबित होगा।



वहीं नए आंगनबाड़ी भवन से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को सुरक्षित वातावरण में पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा संबंधी सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ एवं शिक्षित भविष्य ही प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। गोटुल भवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर है, जो परंपराओं, सामाजिक मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जरूरत के अनुसार सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य निरंतर कराए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण और उनके बेहतर उपयोग की भी अपील की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, सरपंच जैन कुमार पुड़ो, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, सुशीला गावड़े, रसालू गावड़े सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।